क्रम. सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	नियुक्त पद	रिक्त पद	परिशोधित वेतनमान (तदनुरुप पै बैण्ड एवं ग्रेड पै)
20	कक्षा सह यक सह प्रक्षेपक	01	01	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1900/-
21	कनिष्ठ कामगार	07	06	01	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1900/-
22	सर्जिकल पादुका निर्माता ग्रेड – III	02	01	01	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1900/-
23	शल्यशाला तकनीशियन	01	01	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1900/-
	कुल	**44**	**38**	**06**	

	परिशोधन के पूर्व वेतन मान	परिशोधित पै.बैण्ड एवं ग्रेड पै
समूह – ग	**₹4,500-7,000/-**	पीबी **-1 ₹5,200-20,200/-** ग्रेड पे **₹2800/-**
	₹4,000-6,000/-	पीबी **-1 ₹5,200-20,200/-** ग्रेड पे **₹2400/-**
	₹3,050-4,590/-	पीबी **-1 ₹5,200-20,200/-** ग्रेड पे **₹1900/-**

समूह – घ

छठी वेतन आयोग के सिफारिश के आधार पर समूह घ कर्मियों को समूह ग मल्टि टास्किंग स्टाफ में प्रोन्नत कर ग्रेड पै रु. 1800/- दिया गया।

क्रम. सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	नियुक्त पद	रिक्त पद	परिशोधित वेतनमान (तदनुरुप पै बैण्ड एवं ग्रेड पै)
01	विधुत सह पम्प प्रचालक	01	–	01	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
02	विधुत सह जनरेटर प्रचालक	01	01	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
03	ड्रेसर	02	02	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
04	अर्धकुशल कामगार	01	01	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
05	अर्ध कुशल कामगार सह परिचर/चौकीदार	05	05	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
06	क्लीनर	01	01	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
07	माली	01	–	01	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
08	पुरुष आया	02	02	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
09	सफाई कर्मी	09	08	01	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
10	परिचर	03	03	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
11	आया	01	01	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
12	महिला परिचर	01	–	01	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
13	चौकीदार	02	02	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
14	शल्यशाला परिचर	02	02	–	पीबी -1 ₹5,200-20,200/- ग्रेड पे ₹1800/-
	कुल	**32**	**28**	**04**	

समूह – घ	परिशोधन के पूर्व वेतन मान	परिशोधित पै.बैण्ड एवं ग्रेड पै
छठी वेतन आयोग के सिफारिश के अनुसार समूह घ कर्मियों को समूह ग मल्टि टास्किंग स्टाफ में प्रोन्नत कर ग्रेड पै रु. 1800/- दिया गया।	**₹2,650-4,000/-**	पीबी **-1 ₹5,200-20,200/-** ग्रेड पे **₹1800/-**
	₹2,610-3,540/-	
	₹2,550-3,200/-	

नई नियुक्ति:

क्रम. सं.	कर्मी का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तिथि
01	डॉ. अशोक दास	निवासी चिकित्सा अधिकारी सह संज्ञाहरक	21-05-2015
02	श्रीमती स्वप्न सामन्त	भौतिक चिकित्सा सहायक	01-06-2015
03	डॉ. शुभोजीत पात्रा	निवासी चिकित्सा अधिकारी	02-06-2015
04	श्री जवदीप दास	उपनिदेशक (प्रशासन)	31-07-2015
05	श्रीमती पल्लवी सहाय	भौतिक चिकित्सा	15-01-2016

सेवा निवृत्ति:

क्रम. सं.	कर्मी का नाम	पदनाम	सेवा निवृत्ति की तिथि
01	डॉ. श्रीलता घोष चौधुरी	व्यावसायिक परामर्शदाता	31-08-2015
02	श्री पुष्पल कुमार मित्रा	प्राध्यापक (भौतिक चिकित्सा)	30-09-2015
03	श्री चित्तरंजन सामन्त	वरिष्ठ भौतिक चिकित्सक सह कनिष्ठ प्राध्यापक (भौ.चि.)	30-11-2015
04	श्री शांतिरंजन चक्रवर्ती	गेस्टेटनर प्रचालक	31-12-2015
05	श्री सुदर्शन चन्द्र हाल्दार	सर्जिकल चादुका निर्माता ग्रेड – III	31-12-2015
06	डॉ. रत्नेश कुमार	निदेशक	31-01-2016
07	श्री अनादिनाथ विशोयी	निदर्शक (प्रोस्थेटिक्स)	31-03-2016

कार्य के दौरान मृत्यु:

क्रम. सं.	कर्मी का नाम	पदनाम	मृत्यु का दिनांक
01	श्री उमाकान्त राम	एम.टी.एस	03-02-2016

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ अल्प संख्यक/दिव्यांगजन का प्रतिनिधित्व

समूह	अ.जा.	अ.ज.जा	अ.पि.व.	शा.वि.(अ.वि./दृ.वि.)	अ.वि	दृ.वि	अल्प संख्यक
समूह - क	04	02	03	शून्य	शून्य	शून्य	03
समूह - ख	04	01	05	02	शून्य	शून्य	शून्य
समूह - ग	09	02	02	05	01	02	02
समूह - घ	11	–	शून्य	03	शून्य	शून्य	शून्य
कुल	28	05	10	10	01	02	05

अध्याय XII

क्षेत्रीय केन्द्र

विकलांगजनों की क्षेत्रवार आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने तीन केन्द्रों की स्थापना की एक **उत्तराखण्ड के देहरादुन** में क्षेत्रीय अध्याय के रूप में दूसरा **मिजोरम के आयजॉल** एवं तीसरा **अरूणाचलप्रदेश के नहरलगुन** में क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में ।

क्षेत्रीय अध्याय देहरादुन-

प्रस्तावना-

राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान क्षेत्रीय अध्याय देहरादुन, राष्ट्रीय दृष्टिबाधितार्थ संस्थान परिसर, 116 राजपुर रोड, देहरादुन में वर्ष 1998-99 को स्थापित किया गया । तब से यह क्षे.अ. उत्तराखण्ड राज्य के अस्थि जनित विकलांगजनों को पुनर्वास सेवाऐं प्रदान कर रहा है और विकलांगता एवं पुनर्वास के क्षेत्र में जन शक्ति के विकास एवं प्रशिक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ।

लक्ष्य एवं उद्देश्य-

इस क्षेत्रीय अध्याय का मुख्य लक्ष्य एवं उद्देश्य इस प्रकार है –

विकलांगता एवं पुनर्वास के क्षेत्र में जन-शक्ति का विकास एवं प्रशिक्षण आरंभ करना ।

मानसिक मंदता सहित अथवा रहित, अस्थि जनित विकलांगजन हेतु शैक्षिक प्रशिक्षण, कार्यसमायोजन एवं समाज में जीवन निर्वाह हेतु पुनर्वास की सेवाएं प्रदान करना ।

विकलांगजनों को शिक्षण, प्रशिक्षण व पुनर्वास के लिए आवश्यकतानुरूप सहायक अंगों व उपकरणों का निर्माण व वितरण करना ।

ऐसी अन्य सेवाएं देना जो विकलांगजनों के शिक्षा एवं पुनर्वास को प्रोत्साहित करने में उपयुक्त समझा जाए जिसमें सभाओं, संगोष्ठियों व पुनश्चर्या कार्यक्रमों का आयोजन सम्मिलित है उसका क्रियान्वयन करना ।

विकलांगजनों की सेवाओं के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं स्थानीय अभिकरणों के साथ सहयोग करना ।

मानव संसाधन विकास-

इस क्षेत्रीय अध्याय द्वारा निम्नलिखित नियमित दीर्घकालिक पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है -

क्रम. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	संबद्धता	मान्यता	प्रवेश क्षमता	छात्रों की संख्या	टिप्पणी
01	कृत्रिम अंग प्रत्यंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	01 वर्ष	राअविसं, कोलकाता	भारतीय पुनर्वास परिषद	30	06	शैक्षिक वर्ष 2014-15 के लिए अनुमोदन दिया गया

अक्टूबर 2015 को आयोजित वार्षिक परिक्षा में उपस्थित छात्रों की संख्या 16
परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या - 06

राअविसं क्षेत्रीय अध्याय देहरादुन के कार्यशाला में
प्रशिक्षणरत कृत्रिम अंग एवं प्रत्यंग प्रमाणपत्र के विद्यार्थी

इस केन्द्र द्वारा प्रदत्त सेवाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नांकित है –

सेवाएँ	2015-16
केन्द्र द्वारा प्रदत्त पुनर्वास सेवाएँ	
कुल (नये रोगी + अनुवर्ती सेवाएँ)	5305
नये रोगी	869
अनुवर्ती सेवाएँ	4436
प्रदत्त चिकित्सीय सेवाएँ	4109
अस्थि शल्य चिकित्सक द्वारा प्रदत्त परामर्शी सेवाएँ	208
कृत्रिम अंग प्रत्यंग इकाई द्वारा लाभान्वितों की संख्या	119
वितरित साधन एवं उपकरण	47
मरम्मत एवं परिशोधित कार्य	34
शिविर द्वारा प्रदत्त पुनर्वास सेवाएँ	
आयोजित सुदूरवर्ती शिविर	02
लाभान्वितों की कुल संख्या	78
वितरित साधन एवं उपकरणों की संख्या	67
प्रशिक्षण एवं विकास	
दीर्घकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	शैक्षिक वर्ष 2014-15 की कृत्रिम अंग प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
भर्ती हुए छात्रों की संख्या	06
अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	02
प्रतिभागियों की संख्या	175

भौतिक चिकित्सा/व्यावसायिक चिकित्सा इकाई

यह इकाई विकलांगजन को विद्युतीय चिकित्सा, व्यायाम चिकित्सा, विकलांगजन के चलने के लिए गतिशीलता प्रशिक्षण, ए. डी. एल. स्वतंत्र प्रशिक्षण, नए तकनीक द्वारा अनुकूल एवं सहायक उपकरणों का अभिकल्प एवं उसका निर्माण कर चिकित्सीय सेवाएँ मुहैया कराती है ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपना जीवन निर्वाह कर सके । यह इकाई परामर्शी अस्थि शल्य चिकित्सक द्वारा विकलांगजन को अस्थि जनित चिकित्सा

देने के साथ दुसरे अस्पतालों द्वारा भेजे गए उन विकलांगजनों को भी परामर्शी चिकित्सा देती है जिन्हे इसकी सख्त आवश्यकता है । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा विकलांगजन के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कौशल विकास कार्यक्रम, आर्थिक सहायता योजना, छात्रवृत्ति योजना, स्व-सहायता समुह के लिए लघु वित्तीय योजना, स्वैच्छिक एवं मार्गदर्शन जैसी योजनाओं की सूचना भी इस इकाई द्वारा प्रदता की जाती है ।

चालु वर्ष 2015-16 के दौरान पंडित दीन दयाल उपाध्याय विकलांगजन संस्थान के भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, कृत्रिम अंग प्रत्यंग विभाग के 22 इंटर्न विद्यार्थियों ने एक माह की अनिवार्य इंटर्नशिप राअविसं—क्षेत्रीय अध्याय में संपूर्ण किया ।

कृत्रिम अंग–प्रत्यंग इकाई

यह इकाई भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत विकलांगजन को कृत्रिम अंग एवं प्रत्यंग देकर उन्हें गतिशील बनाने में सदैव प्रयासरत है । इस इकाई द्वारा उपयोगकर्ताओं के कृत्रिम अंगों का समय समय पर उपयुक्त संसोधन एवं परिवर्द्धन करने के साथ-साथ कृत्रिम अंगों के पहनने और उतारने की डोनिंग एवं डोफिंग तकनीक, गतिशीलता का प्रशिक्षण जैसी सेवाएं भी दी जाती है।

वर्ष 2015-16 के दौरान वितरित साधन एवं उपकरणों का विवरण

वितरित साधन एवं उपकरण	बहिरंगी विभाग द्वारा वितरित साधन एवं उपकरणों की संख्या	शिविरों द्वारा वितरित साधन एवं उपकरणों की संख्या
तिपहिया	02	13
व्यस्क/बच्चों को वितरित व्हील चेयर	14	07
वैशाखी/क्रोचनी	04	10
छड़ी	02	03
एच.के.ए.एफ.ओ.	04	02
के.ए.एफ.ओ.	–	03
ए.एफ.ओ.	–	03
ए/के. प्रोस्थेसिस	02	01
बी/के प्रोस्थेसिस	08	01
ए/इ. प्रोस्थेसिस	01	–
बी./ई. प्रोस्थेसिस	02	–
कॉस्मेटिक ग्लोव विद ज़िपर	–	03
परिशोधित पादुका	01	–
श्रवण साधन	06	20
रोलटर	01	–
कुल	47	67

शिविर/सुदूरवर्ती सेवा कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण

क्रम. सं.	सुदूरवर्ती सेवा शिविर	दिनांक	स्थान	लाभान्वितों की संख्या
01	शिविर में वितरित	27 अगस्त, 2015	सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हलद्वानी	लाभान्वित-53 साधन-67
02	निर्धारण चिन्हितकरण शिविर	3दिसम्बर, 2015	संयोजित स्वास्थ्य केन्द्र, रेमनगर, देहरादून	लाभान्वित-25

अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम:

क्रम. सं.	कार्यक्रम का विषय	सहयोगी अभिकरण	दिनांक	स्थान	प्रतिभागियो/ लाभान्वितों की संख्या
01	मस्तिष्क का पक्षाघात यथाशीघ्र पहचान एवं प्रबंधन	संजय अर्थोपेडिक साइन सेन्टर	13 जुन 2015	संजय अर्थोपेडिक साइन सेन्टर	45
02	दिव्यांगजन के लिए सुग्राह जागरुकता कार्यक्रम	रा.अ.नि.सं.-क्षे.अ.	03 दिसम्बर 2015	रा.अ.नि.सं.-क्षे.अ.	130

कर्मचारियों की स्थिति

निदर्शक (व्यावसायिक चिकित्सा)	01
अनुदेशक (कृ.अं.)	01
पाठ्यक्रम समन्वयक	01
भौतिक चिकित्सक	01
लेखाकार	01
परामर्शी अस्थि शल्य चिकित्सक	अंशकालिक
मल्टि टॉस्किंग स्टाफ	01
सफाई कर्मी सह चौकीदर	01

देहरादुन में आयोजित शिविर समाचार पत्र द्वारा प्रशस्ति

विकलांगों को दिए सहायक उपकरण

शिविर में विकलांगों को बांटे उपकरण

क्षेत्रीय केन्द्र आयजॉल

उत्तरपूर्व क्षेत्रीय केन्द्र राअविसं आयजॉल की स्थापना राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, चलतलांग के परिसर में वर्ष 2004 को निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया गया-

- विकलांगजन को पुनर्वास की सेवाएं देना ।
- जनशक्ति का विकास एवं उसको प्रशिक्षित करना ।
- सहायक उपकरणों का प्रवर्तन, निर्माण एवं वितरण के साथ परामर्शी सेवाऐं देना ।

उत्तरपूर्व क्षेत्रीय केन्द्र-राअविसं आयजॉल में उपलब्ध सुविधाएं-

यह क्षेत्रीय अध्याय कृत्रिम अंग प्रत्यंग, भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, मानसिक मंदता एवं वाक् तथा श्रवण चिकित्सा विभाग से लैस है । यह केन्द्र विकलांगजन को व्यापक पुनर्वासीय सेवाऐं सामुहिक भावना के बल पर मुहैया कराती है, इस सामुहिक दल में जहां एक ओर मेडिकल चिकित्सक, भौतिक चिकित्सक, व्यावसायिक चिकित्सक, कृत्रिम अंग-प्रत्यंग चिकित्सक वाक एवं श्रवण चिकित्सक जैसे विशेषज्ञ होते है तो वहीं दुसरी ओर वाक् शिक्षक मानसिक मंदता क्षेत्र के पेशेवर भी होते है जिनका कुल उद्देश्य सामान्यतः उत्तरपूर्व क्षेत्र विशेषकर मिजोरम राज्य के जरुरतमंद लोगो को निम्नलिखित पुनर्वास की सेवाएँ देना है-

- विकलांगता का मूल्यांकन, चिकित्सीय मार्गदर्शन एवं शल्य चिकित्सा के लिए संप्रेषण करना।
- एडिप योजना के अंतर्गत सहायक साधन एवं उपकरण जैसे व्हील चेयर, तिपहिया, कैलिपर , बैसाखी, प्रोस्थेसिस उपकरण इत्यादि देना।
- भौतिक चिकित्सीय सेवाऐं जैसे व्यायाम चिकित्सा, यूएस टेन्स, मोम स्नान इत्यादि।
- व्यावसायिक चिकित्सा जैसे विकासात्मक चिकित्सा एडीएस प्रशिक्षण, हस्त चिकित्सा खेल द्वारा चिकित्सा सिलिन्ट, अनुकूलनोयता उपकरण इत्यादि।
- श्रवण की क्षमता की अनुवीक्षणता, ऑडियोग्राम, वाक चिकित्सा इत्यादि।
- परामर्श एवं प्रवृत्ति का संशोधन, मध्यवर्ती हस्तक्षेप जैसी सेवाएं देना।
- दूर दराज के क्षेत्रों में शिविर लगाकर सेवाएं प्रदान करना।

वर्ष के दौरान प्रदत्त सेवाओं का सारांश-

क्रम. सं.	दिव्यांगता का प्रकार	2015-16
1	**अस्थि**	
	नए रोगी	272
	अनुवर्ती रोगी	1146
	कुल	1423
2	**वाक एवं श्रवण**	
	नए रोगी	59
	अनुवर्ती रोगी	36
	कुल	95
3	**दृष्टिबाधितार्थ**	
	नए रोगी	5
	अनुवर्ती रोगी	1
	कुल	6
4	**मानसिक पक्षाघात सह मानसिक दिव्यांगजन**	
	नए रोगी	111
	अनुवर्ती रोगी	316
	कुल	427

बर्हिरोगी विभाग में पंजीकृत नए रोगी की संख्या	**399**
अनुवर्ती	**1303**
कुल	**1702**
बर्हिरोगी विभाग में वितरित साधन एवं उपकरण	**104**
आयोजित शिविरों की संख्या	**5**
शिविरों से लाभान्वितों की संख्या	**389**
शिविर में वितरित साधन एवं उपकरणों की संख्या	**94**
जारी किए गए विकलांगता प्रमाणपत्र की संख्या	**120**

विकलांगजन के लिए आयोजित शिविर –

सचिव, समाज कल्याण विभाग, मिजोरम सरकार की देख-रेख में इस केन्द्र ने स्वास्थ्य विभाग, एससीईआरटी, विद्यालय शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान, राज्य कल्याण विभाग, तथा स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से पाँच सुदूर सेवा शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों का चरणबद्ध रुप से आयोजन एक ही स्थान पर सहायक उपकरणों की आपूर्ति करने की संकल्पना से की गई।

क्रम. सं.	राज्य, जिला एवं शिविर के आयोजन का स्थान	आयोजित शिविर का दिनांक	लाभान्वितों की संख्या	जारी किए गए दिव्यांगता प्रमाण पत्र की संख्या
1.	टीएनटी परिसर, ज़ुआनगटुई	26/10/2015	60	60
2.	एससीइआरटी	28/10/2015	181	24
3.	पश्चिम पहिलेन	19/01/2016	35	12
4.	तुईपुइबारी	20/01/2016	48	24
5.	समाज कल्याण निदेशालय का सम्मेलन कक्ष	09/02/2016	65	–
		कुल	**389**	**120**

अल्पकालिन प्रशिक्षण कार्यक्रम:

उ.पू. क्षेत्र के रा.अ.वि.सं. ने वर्ष के दौरान 05 अल्पकालिन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अल्पकालिन प्रशिक्षण कार्यक्रम से 450 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

कार्यक्रमों की संख्या: 05

प्रतिभागियों की संख्या: 450

कार्यक्रम का विस्तृत विवरण

क्रम. सं.	दिनांक	कार्यक्रम का नाम	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1	10/7/15	संस्थानों की वहन क्षमता की वृद्धि पर एक दिवसीय कार्यशाला	समाज कल्याण निदेशालय का सम्मेलन कक्ष लाइपुइतलांग	सर्वशिक्षा अभियान गैर-सरकारी संगठन के कार्यकर्ता एवं आगनवाड़ी के 28 शिक्षक
2	23/10/15	वयोवृद्ध व्यक्तियों द्वारा समस्याओं के सामना करने के प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	एससीइआरटी का सभागार	एनयूपी एवं एमएचपी के 92 वयोवृद्ध व्यक्ति
3	9/2/16	साधन एवं उपकरणों के रखरखाली एवं अनुरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	समाज कल्याण निदेशालय का सम्मेलन कक्ष, लाइपुइतलांग	91 दिव्यांगजन एवं उनका देख-भाल करने वाले लोग
4	15/2/16	पढ़ाई लिखाई की समस्या से ग्रसित बच्चों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	डीआइइटी का सभागार	डीआईइटी, आयजॉल से 160 सेवापूर्व डीआईइटी के प्रशिक्षणार्थी
5	26/2/16	मानसिक अस्वस्थता जनित लोगों के पुनर्वास पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	एससीइआरटी सभागार	मानसिक अस्वस्थ लोगों की देखभाल करने वाले 79 व्यक्ति

10.07.2016 को आयोजित कार्यशाला में संस्थान के साम्थर्य को बढ़ाने पर भा.पु.प. एण्ड जेडसीसी के अध्यक्ष श्री टोकेन्द्रो लैशराम संबोधित करते हुए

10.07.2016 को आयोजित कार्यशाला मे संस्थान के साम्थर्य को बढ़ाने पर समाज कल्याण निदेशालय, मिजोरम सरकार के सहायक निदेशक श्री पी.चौजिकपुई संबोधित करते हुए

10.07.2016 को आयोजित कार्यशाला में संस्थान के सार्म्थय को बढ़ाने पर प्राध्यापक सह पी.ओ.(ओ.टी.) पूर्वोत्तर क्षे.के.रा.अ.वि.सं. संबोधित करते हुए श्रीमती सरजु मोइरंगथेम

दीर्घकालिन प्रशिक्षण कार्यक्रम -

पुनर्वास चिकित्सा में डिप्लोमा (डीआरटी) - इस केन्द्र में 2 ½ वर्षीय इस नियमित पाठ्यक्रम का प्रारंभ अगस्त 2010 को हुआ था। जिसे भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त है एवं यह रा.अ.वि.सं. कोलकाता से संबद्ध है। मार्च 2015 को 01 छात्र ने यह पाठ्यक्रम समाप्त किया। वर्तमान में कुल 04 छात्र पढ़ रहे है।

वर्ष के दौरान इस केन्द्र की अन्य महत्वपूर्ण कार्यकलाप:

1. अन्य संस्थानों को समर्थन:

   आइईडीएसएस के अधीन शिक्षकों हेतु चार दिवसीय कार्यक्रम के आयोजनार्थ उत्तरपूर्व-क्षे.के. ने सक्रीय रुप से एससीइआरटी को सहयोग एवं समर्थन दिया। यह कार्यक्रम एससीइआरटी द्वारा दिनांक 28 जुलाई 2015 से 31 जुलाई 2015 तक एससीईआरटी में आयोजित किया गया था।

   दिनांक 12 मई 2015 को आयोजित डीएचएमइ के सम्मेलन कक्ष की समीक्षा सभा मे इस क्षे.के. ने तकनीकी सहायता एवं सहयोग दिया।

2. **अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह का पालन:**

   उ.पू.क्षे.के रा.अ.वि.सं. ने निम्नलित विभागों एवं संगठनों के संयुक्त सहयोग से रान्हलतुन स्टेडियम-आयज़ॉल में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन किया -

- जिलोइ स्पेशल स्कूल
- सामैरीटन एसोसिएशन फॉर दी ब्लाइन्ड
- डीफरेन्टली एबेल्ड सोसाइटी
- थुतक नूनपुइटू टीम
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा निदेशालय
- सर्व शिक्षा अभियान
- आरएमएसए
- समाज कल्याण विभाग, मिजोरम सरकार

3. **अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह के आयोजन में उ.पू.क्षे.के रा.अ.वि.सं. ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई।**

इस समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे माननीय मंत्री श्री पी.सी.लालथनलियाना, समाज कल्याण मंत्रालय और अध्यक्षा थी श्रीमती बी.सइरेंगपुई, आयुक्त विकलांगजन। इस कार्यक्रम में उ.पू.क्षे.के रा.अ.वि.सं. द्वारा व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, मानसिक मंदता ग्रस्त विकलांगजन को टीएलएम कीट्स वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक लोग शामिल हुए थे।

4. तकनीकी सहयोग: उत्तरपूर्व क्षेत्रीय केन्द्र चलतलांग आयज़ॉल ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को तकनीकी सहायता प्रदान किया।

5. सामान्य प्रवेश परीक्षा - 2015 का संचालन: इस केन्द्र के कर्मचारी आयज़ॉल केन्द्र में आयोजित सामान्य प्रवेश परीक्षा 2015 रा.अ.वि.सं. के संचालन में शामिल थे।

कर्मचारियों की स्थिति

स्वीकृत 13 पदों में से केन्द्र की आवश्यकतानुरुप निम्नलिखित कर्मचारी (31.03.2016) तक कार्यरत हैं -

क्रम. सं.	पद का नाम	वर्ग
1.	प्रभारी अधिकारी	साधारण
2.	प्राध्यापक सह पीओ (व्या. चि.)	अन्य पिछड़ा वर्ग
3.	भौतिक चिकित्सक	अन्य पिछड़ा वर्ग
4.	भौतिक चिकित्सक	अनुसूचित जनजाति
5.	कार्यालय सहायक	अनुसूचित जनजाति
6.	अर्ध कुशल कामगार	अन्य पिछड़ा वर्ग

टिप्पणी : शल्य चिकित्सक (अस्थि), ननों चिकित्सक, नेत्र चिकित्सक को सत्र आधार पर नियुक्त किया गया है

क्षेत्रीय केन्द्र-नहरलगून, अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश के नहर लगुन में रा.अ.वि.सं. के अधीन क्षेत्रीय केन्द्र ने तीन कर्मचारियों यथा लेखाकार, भौतिक चिकित्सक, व्यावसायिक चिकित्सक को लेकर अपना कार्य प्रारंभ किया। इन कर्मचारियों को रा.अ.वि.सं. कोलकाता के विभिन्न विभागों एवं अनुभागों में द्वि साप्ताहिक प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष के दौरान इस केन्द्र द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए -

1. **सुग्राह्य कार्यक्रम** दिनांक 07.03.2016 को इटानगर में दिव्यांगजन के लिए कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के कार्यकर्त्ताओं के लिए दिव्यांगजन हेतु कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
2. **अभिविन्यास कार्यक्रम** दिनांक 08.03.2016 को नहरलगुन अरुणाचल प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान एवं गैर-सरकारी संगठन के कार्यकर्त्ताओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रा.अ.वि.सं. राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (रा.ता.वि.नि.) प्रतिष्ठान (एन.एफ.एन.डी.आर.सी.)

एनएफएनआरडीसी की स्थापना रा.अ.वि.सं. कोलकाता एवं राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के सहयोग से देश के विभिन्न भागों में स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम परियोजना के निकटवर्ती स्थानों में रहने वाले अस्थि जनित दिव्यांगजनों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के उद्देश्य से किया गया।

इस पहल का सूत्रपात राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम प्रतिष्ठान के संरक्षण में हुआ, रा.अ.वि.सं. जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र (एनएफआरडीसी) ताप विद्युत परियोजना के निकटवर्ती लोगों को पुनर्वास की सेवाऐं देती है यथा चिकित्सीय अंत:क्षेप, शल्य चिकित्सा द्वारा सुधार एवं एडिप योजना के अंतर्गत कृत्रिम साधनों व उपकरणों का वितरण, शल्य क्रिया द्वारा पूर्वावस्था, श्रवण परीक्षण सेवाऐं इत्यादि।

ताप विद्युत निगम परियोजना के निकटवर्ती स्थानों में रहने वाले अस्थि जनित दिव्यांगजनों को पुर्नवास की सेवाऐं देने के उद्देश्य से देश के विभिन्न राज्यों में पाँच एनएफआरडीसी स्थापित की गई है यथा रा.ता.वि.नि. -टांडा (उत्तरप्रदेश), रिहंद (उत्तरप्रदेश), दादरी (उत्तरप्रदेश), कोरबा (छत्तीसगढ़), एवं बोंगाइगांव (असम)



एनएफएनडीआरसी केन्द्र की पुनर्वास सेवाओं एवं कार्यात्मकता के मूल्यांकन के लिए राअविसं के कर्मीसमूह द्वारा इन केन्द्रों का दौरा एवं विकलांगजन पुनर्वास वितरण प्रणाली के विभिन्न स्तरों के बेहतरी के लिए समयानुसार व्यावहारिक अंत:क्षेप किया जाता है।

नाम एवं पता-	राज्य
● टांडा तापविद्युत पावर स्टेशन डाकघर-विद्युत नगर, जिला-अम्बेदकरनगर-224238	उत्तर प्रदेश
● कोरबा सुपर ताप विद्युत पावर स्टेशन डाकघर-विकास भवन, जमनीपाल, जिला- कोरबा	छत्तीसगढ़
● राष्ट्रीय कैपिटल तापविद्युत पावर परियोजना, दादरी डाकघर-विद्युतनगर, जिला गौतमबुद्धनगर-201008	उत्तर प्रदेश
● रिहन्द सुपर तापविद्युत पावर परियोजना डाकघर-रिहन्दनगर, जिला-सोनभद्रा-231223	उत्तर प्रदेश
● रातावियानि, बोंगाइगाँव, डाकघर-सालाकाटी(पी) जिला-कोकराझार(बीटीएडी)-783369	असम

अध्याय XIII

संयोजित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी), पटना

1. एक अवलोकन

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में विकलांग व्यक्तियों की आबादी 2.68 करोड़ है, जो कि देश की कुल आबादी का 2.21% है,इसी जनगणना के अनुसार बिहार में विकलांग व्यक्तियों की कुल जनसंख्या 23.31 लाख है जो कि देश की कुल विकलांग जनसंख्या का 8.69% है और राज्य की कुल जनसंख्या 10.41 करोड़ का 2.23% ।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत और बिहार राज्य में विकलांग व्यक्तियों की आबादी की तुलनात्मक स्थिति निम्न प्रकार से है-

लाख में

विकलांगता के प्रकार	अखिल भारतीय जनसंख्या	प्रतिशत	बिहार	प्रतिशत
दृष्टि बाधित	50	18.8	5.49	24
श्रवण बाधित	50	18.9	5.72	24
वाक बाधित	19	7.5	1.70	7
गतिशीलता	54	20.3	3.69	16
मानसिक मंदता	15	5.6	0.89	4
मानसिक रोग	7	2.7	0.37	2
बहु विकलांगता	49	7.9	4.31	18
अन्य	21	18.4	1.10	5
कुल	268	100	23.31	100

2. परिचय

संयोजित क्षेत्रीय पुनर्वास केन्द्र की स्थापना वर्ष 2009 को त्व के नि:शक्तता कार्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान ,कोलकाता के प्रशासनिक नियंत्रण धीन में की गई । सी.आर.सी सभी प्रकार के विकलांगजनों के लिए प्रशिक्षण, अनुसंधान और सेवाओं जैसी त्रिखण्डीय कार्यों में कार्यरत एक शीर्ष संस्थान है ।

3. सीआरसी पटना का उद्देश्य

सीआरसी पटना का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है :

1. पुनर्वास और विकलांग व्यक्तियों के विशेष शिक्षा के संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करना ।
2. दिव्यांगजन को सेवा देने के उद्देश्य से पुनर्वास पेशेवरों, ग्रामीण स्तर के कार्यकर्ताओं, बहुविध-पुनर्वास कार्यकर्ताओं, सरकार के पदाधिकारियों एवं गैर-सरकारी क्षेत्र के लोगों को प्रशिक्षण के माध्यम से मानव संसाधन का विकास करना ।
3. माता-पिता और समाज में जागरूकता के सृजन के लिए सार्वजनिक शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन करना।
4. साधनों एवं उपकरणों का डिजाइन, उसका निर्माण और निर्धारण करना।
5. समाज में रोजगार, पुनर्वास, गतिशीलता, संचार मनोरंजन और एकीकरण के अवसरों में वृद्धि के लिए अग्रणी शिक्षा और कौशल विकास की सेवाओं का प्रारंभ करना ।
6. प्रदेश में विकलांगता की गंभीरता पर अनुसंधानात्मक कार्य करना ।
7. प्रदेश की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए पुनर्वास की सेवाओं के वितरण के लिए रणनीति को विकसित करना ।
8. स्वैच्छिक संगठनों, माता पिता के समूहों और स्व-सहायता समूहों के लिए पुनर्वास की सेवाओं के विकास को प्रोत्साहित करना।
9. उपलब्ध मेडिकल, शैक्षणिक एवं रोजगार सेवाओं में सामंजस्य स्थापित करना, समुदाय आधारित पुनर्वास की नीतियों का अनुपालन करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा को विस्तार करना ।

4. सीआरसी भवन का निर्माण

बिहार सरकार ने फरवरी 2009 को इंदिरा गाँधी इंस्टीटीयुट ऑफ मेडिकल साइंस के परिसर में 3.31 एकड़ भूमि संयोजित क्षेत्रीय केन्द्र को पट्टे पर आवंटित की, जिसे संस्थान ने अधिग्रहण कर भवन एवं चार दिवारी निर्माण का कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया । मंत्रालयय ने इस शीर्ष में रू 14.59 लाख अनुमोदन किया एवं 3.64 लाख रूपए सीआरसी पटना को प्राप्त हुई तथा इस केन्द्र ने निर्माण हेतु केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग पटना को 3.60 लाख रूपया अंतरण कर दिया ।

5. माननीय केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार श्री थावर चंद गेहलोत एवं श्री कृष्ण पाल गुर्जर माननीय राज्य मंत्री, नि:शक्तता अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार का आगमन ।

श्री थावर चंद गेहलोत, माननीय केन्द्रीय मंत्री एवं श्री कृष्ण पाल गुर्जर माननीय राज्य मंत्री, विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार, का 17.08.2015 को सीआरसी भवन के निर्माण स्थल पर भूमि पूजन कार्यक्रम हेतु आगमन हुआ । मंत्रियों के आगमन के दौरान एक वितरण सेवा शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें विकलांगजन को सहायक साधन एवं उपकरण वितरित किए गए। माननीय केन्द्रीय मंत्री ने उपस्थित विकलांगजनों, कर्मियों एवं आगन्तुकजनों को संबोधित किया उन्होंने विकलांगजनों के लिए किये गये कार्य को प्रोत्साहित किया एवं अपनी हार्दिक शुभकामनायें दी ।

भूमि पूजन के दौरान माननीय केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय श्री थावर चंद गेहलोत के साथ अन्य गणमान्यजन

एडिप शिविर के दौरान माननीय केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
श्री थावर चंद गेहलोत द्वारा सहायक अंगों एवं उपअंगों का वितरण

माननीय केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
श्री थावर चंद गेहलोत द्वारा मेगा शिविर का उद्घाटन

सीआरसी पटना में मेगा वितरण शिविर

6. विकलांगजनों को पुनर्वास सेवाएं प्रदान की गई

(6.1) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान सीआरसी पटना के बाह्य रोगीजन सेवा विभाग द्वारा प्रदान की गई सेवाएं

	कुल रोगीजनों की संख्या		लिंग		आय		आयु वर्ग			जाति			
	नये	अनुवर्ती	पु.	महिला	<6500	6501 एवं इससे अधिक	0-6 वर्ष	7-18 वर्ष	19 एवं इससे अधिक	सा.	अ.सु.ज	अ.सु.ज.जा.	अ.पि.व.
कुल	2888	1036	2083	805	520	2368	236	1129	1523	564	354	09	1961

लिंग के अनुसार वितरण



आय के अनुसार रोगीजन का वितरण



उम्र के अनुसार रोगीजनों का वितरण



रोगीजन का जातिगत वितरण



सीआरसी पटना द्वारा विकलांगजनों को दी गई माहवार पुनर्वास सेवाएं



(6.2) वितीय वर्ष 2015-16 के दौरान सीआरसी पटना द्वारा विभागीय बाह्यरोगी विभाग द्वारा प्रदत्त सेवाएं

	क्लिनिकल मनोविज्ञान	वाक् एवं श्रवण	विशेष शिक्षा	भौतिक चिकित्सा	व्यावसायिक चिकित्सा	कृत्रिम अंग एवं प्रत्यंग	अभिविन्यास एवं गतिशीलता	सामाजिक आर्थिक पुनर्वास
कुल	2249	2804	1754	1761	1134	777	339	270

विकलांगजनों को प्रदत्त विभागीय पुनर्वास सेवाएं



(6.3) जिलावार रोगीजनों का वितरण

जिला का नाम	कुल
अरवल	28
औरंगाबाद	49
अररिया	03
भोजपुर	254
बेगुसराय	06
भागलपुर	22
बक्सर	223
बांका	02
बेतिया	07
छपरा	73
दरभंगा	16
गया	21
गोपालगंज	30
जमुई	07
जहानाबाद	157
खगड़िया	07
कटिहार	02
कैमुर	01
लक्खीसराय	10
मुंगेर	25
मुजफ्फरपुर	85
नोतीहारी	11
मधुबनी	09
नालन्दा	62
नवादा	21
पटना	1097
पुर्णिया	03
रोहतास	323
सीतामढ़ी	25
सिवान	15
सुपौल	168
सहरसा	08
समस्तीपुर	18
शेखपुरा	05
शिवहर	01
सोनभद्र	01
वैशाली	90
बिहार के बाहर	03
कुल	**2888**

2014-15 में 6 जिले जहाँ से सीआरसी पटना में लाभान्वित जन का आगमन हुआ





(6.4) सीआरसी पटना में आये विकलांगजनों के प्रकार

विकलांगता के प्रकार	अप्रैल 2015	मई 2015	जुन 2015	जुलाई 2015	अगस्त 2015	सितम्बर 2015	अक्टूबर 2015	नवम्बर 2015	दिसम्बर 2015	जनवरी 2016	फरवरी 2016	मार्च 2016	कुल
मानसिक विकलांगता	101	74	94	87	145	125	70	31	74	75	124	124	1124
अस्थिजनित विकलांगता (ला.चि./कृ.अंग/ भौ.चि.)	44 (2+ 18+ 24)	22 (2+ 11+ 9)	51 (12+ 24+ 15)	53 (8+ 33+ 12)	115 (11+ 90+ 14)	166 (10+ 145+ 11)	47 (5+ 34+ 8)	16 (4+ 8+ 4)	36 (5+ 24+ 7)	46 (7+ 26+ 13)	43 (9+ 24+ 10)	43 (9+ 24+ 10)	682
वाक श्रवण विकलांगता	90	73	84	71	100	125	37	23	72	109	104	104	992
दृष्टि बाधितार्थ	05	12	02	04	03	04	0	0	02	0	05	03	40
कुल	240	181	231	215	363	420	154	70	184	230	276	276	2888

(6.5) सीआरसी पटना द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की कुल संख्या

अप्रैल 2015	मई 2015	जुन 2015	जुलाई 2015	अगस्त 2015	सितम्बर 2015	अक्टूबर 2015	नवम्बर 2015	दिसम्बर 2015	जनवरी 2016	फरवरी 2016	मार्च 2016.	कुल
1977	1286	1366	985	1221	1215	772	657	956	1661	1892	1816	15804



7. मानव संसाधन विकास कार्यक्रम

(7.अ) दीर्घकालीन पाठ्यक्रम

क्रम. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	प्रवेश क्षमता	छात्रों का नामांकन	अ.सु.जा./असुजजा/ अपिव/ सा.
1	श्रवण भाषा एवं वाक् में डिप्लोम (डी एच्एलएस) 2010	1 वर्ष	30	08	सा = 04 अपिव = 04
2	पुनर्वास चिकित्सा (डीआरटी) में डिप्लोम	2 ½ वर्ष	25	03 (2014-16) शून्य (2015-17)	असुजा = 0 अनुजजा = 0 अपिव = 02 सा = 01
3	सर्टिफिकेट कोर्स में प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक -2012	1 वर्ष	25	01	अपिव (अ. वि) - 1
4	श्रवण बाधितार्थ विशेष शिक्षा में डिप्लोमा	2 वर्ष	25	23	असुजा = 02 अपिव = 19 सा = 02
5	दृष्टि बाधितार्थ विशेष शिक्षा में डिप्लोमा	2 वर्ष	30	24	असुजा = 01 अनुजजा = 0 अपिव = 17 सा = 06
		कुल	125	59	असुजा = 03 अनुजजा = 0 अपिव = 43 सा = 13

(7.आ) अल्पकालीन पाठ्यक्रम

क्रम. सं.	सतत पुनर्वास शिक्षा का विषय	अवधि एवं दिनांक	लक्षित समूह	प्रतिभागियों की संख्या	अजा/ अजजा/ अपिव/सा की संख्या
1	भाषा का उच्चारण एवं ग्राह्यता का शीघ्र अंत:क्षेप एवं विकास के विकल्प के रुप में अरलिज्न (सन्दर्भ श्रवण बाधितार्थ बच्चे- जन्म से 5 वर्ष तक)	3 दिन 6 से 8 जनवरी 2016	शीघ्र अंत:क्षेप केन्द्र के शिक्षक	40	असुजा = 01 असुजजा = 0 अपिव = 22 सा = 17
2	अभिविन्यास एवं गतिशीलता के कौशल पर अग्रिम श्रेणी का प्रशिक्षण (संदर्भ दृष्टि बाधितार्थ बच्चों की शिक्षा)	3 दिन 28 से 30 दिसम्बर 2015	दृष्टि बाधितार्थ के विशेष शिक्षक	40	अपिव = 14 असुजा = 04 असुजजा = 01 सा = 21
3	श्रवण बाधितार्थ के शीर्ष अंत:क्षेप हेतु जाँच प्रक्रिया पर कार्यशाला (संदर्भ आडियोलॉजी एण्ड स्पीच लैंग्वैज पेथोलॉजी)	3 दिन 11 से 13 जनवरी 2016	विशेष शिक्षा के शिक्षक, स्पीच एवं भषा चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता	35	असुजा = 01 अपिव = 26 सा = 08
4	गृह एवं कक्षा में आचरण संबंधी प्रबंधन (संदर्भ मानसिक मंदता से ग्रस्त बच्चों का शीर्ष अंत:क्षेप)	3 दिन 18 से 20 जनवरी 2016	विशिष्ट शिक्षक , चिकित्सक,पुनर्वास सामाजिक कार्यकर्ता,	19	असुजा = 0 असुजजा = 0 अपिव = 09 सा = 10
5	आत्मनिर्भरता कार्यक्रम में विकलांगजनों का समावेशन (संदर्भ अस्थिजनित बच्चे सेरीब्रल पल्सी/बहुविकलांगता)	3 दिन 27 से 29 जनवरी 2016	विशिष्ट शिक्षक, पुनर्वास सामाजिक कार्यकर्ता, मनो चिकित्सक, चिकित्सक,	38	सा = 19 अपिव = 18 असुजा = 01 असुजजा = 0
6	विषय शिक्षण (संदर्भ श्रवण बाधितार्थ बच्चों की शिक्षा)	3 दिन 10 से 12 जनवरी 2016	विशिष्ट शिक्षक, पुनर्वास सामाजिक कार्यकर्ता	39	असुजा = 03 असुजजा = 0 अपिव = 19 सा = 17
7	व्यवहार आधारित साक्ष्य (संदर्भ- अस्थिजनित बच्चे सेरीब्रल पल्सी/ बहुविकलांगता)	3 दिन 17 से 19 फरवरी 2016	विशिष्ट शिक्षक, चिकित्सक,पुनर्वास सामाजिक कार्यकर्ता, मनो चिकित्सक, प्रोस्थेटिक व आर्थोटिक्स	40	असुजा = 04 असुजजा = 0 अपिव = 20 सा = 16
8	अनुकूलन सहगामी क्रिया (संदर्भ श्रवण बाधितार्थ बच्चों की शिक्षा)	3 दिन 24 से 26 फरवरी 2016	श्रवण बाधितार्थ बच्चों के विद्यालय एवं समावेशी विद्यालय के शिक्षक	40	असुजा = 0 असुजजा = 0 अपिव = 22 सा = 18

क्रम. सं.	सतत पुनर्वास शिक्षा का विषय	अवधि एवं दिनांक	लक्षित समूह	प्रतिभागियों की संख्या	अजा/ अजजा/ अपिव/सा की संख्या
9	विकलांगता पुनर्वास में शोध	3 दिन 9 से 11 मार्च 2016	सेशल एडुकेटर, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, मनो-चिकित्सक,	40	असुजा = 03 अपिव = 22 सा = 15
10	विकलांगता एवं संचार (संदर्भ विकलांगता से संबंधित तथ्य)	3 दिन 28 से 30 मार्च 2016	पुनर्वास सामाजिक कार्यकर्ता, मनो-चिकित्सक,	40	असुजा = 03 असुजजा = 0 अपिव = 20 सा = 17
			कुल	371	

7.1 अभिन्यास एवं गतिशीलता के कौशल पर अग्रिम स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम

इस सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन रेडक्रॉस भवन, पटना के सभागार में दिनांक 28 से 30 दिसम्बर 2015 को किया गया जिसका उद्घाटन बिहार राज्य के एनएवी शाखा की अध्यक्षा श्रीमती लिली एवं समन्वयन श्री जीतेन्द्र सिंह रावत ने किया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य वे विशिष्ट शिक्षक है जिन्होंने दृष्टिबाधितार्थ पर विशेषज्ञता अर्जन किया है। इस कार्यक्रम में कुल 40 विशिष्ट शिक्षकों ने अपना नाम पंजिकृत कराया।

अभिन्यास एवं गतिशीलता के कौशल पर अग्रिम स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का उदघाटन

अभिन्यास एवं गतिशीलता के कौशल पर सतत पुनर्वास शिक्षा आधारित अग्रिम स्तर का प्रशिक्षण

अभिविन्यास एवं गतिशीलता कौशल पर सतत पुनर्वास शिक्षा आधारित अग्रिम स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम

7.2 श्रवण दिव्यांगता की शीध्र पहचान की प्रक्रिया पर सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम

इस कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक - 11-13 जनवरी 2016 को दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ जवाहर लाल साह, वरिष्ठ आडियोलॉजिस्ट रेडक्रॉस पटना, श्री धनंजय कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट (सर्व शिक्षा अभियान, पटना), श्री श्याम सुन्दर मिश्रा, प्रवक्ता एवं प्रभारी सी. आर. सी. पटना, डॉ. आशुतोष कुमार (क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक) एवं श्री पिंटु कुमार उपस्थित थे। इस सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम में विभिन्न गुट्टो से संबंधित विषयों को व्याख्यायित किया गया जो वर्तमान परिदृश्य में श्रवण बाधितजनों के लिए आवश्यक था। इस कार्यशाला में श्रवण बाधितार्थ की शीघ्र पहचान की प्रक्रिया पर प्रतिभागियों ने अपनी गहरी अभिरुची दिखाई। कार्यशाला के अंतिम दिन रेड क्रॉस के निदेशक महोदय श्री आर. बी. पी. यादव ने समापन सम्भाषण दिया।

श्रवण दिव्यांगता की शीध्र पहचान की प्रक्रिया कार्यक्रम का उद्घाटन

7.3 मानसिक मंदता बच्चों हेतु घर एवं कक्षा में आचरण के प्रबंधन पर सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम

रेडक्रॉस भवन, पटना के सभागार में यह सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम दिनांक 18-20 जनवरी 2016 को आयोजित किया गया जिसका समन्वयन डॉ. आशुतोष कुमार ने किया। इस कार्यक्रम के लक्षित समूह विशेष शिक्षा के शिक्षक तथा एवं भाषा चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता थे। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 प्रतिभागीजन ने अपना नाम पंजीकृत किया जिसमें अधिसंख्यक अनुपस्थित थे। पुरे कार्यक्रम के दौरान 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिन प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया गया उनमें 09 अन्य पिछड़ा वर्ग, 10 सामान्य वर्ग से थे। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के वर्गों से कोई भी प्रतिभागी ने अपना नाम पंजीकृत नहीं कराया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रुप से डॉ. सरोज दुबे, विश्वविद्यालय प्रोफेसर एवं निदेशक, इंस्टिच्यूट ऑफ साइकलोजीकल शोध एवं सेवायें, पटना विश्वविद्यालय पटना एवं डॉ. मनोरंजना प्रसाद, क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक एवं परामर्शक पटना

मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल से सेवा निवृत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के पश्चात डॉ. दूबे ने मानसिक मंदता एवं बहुविध दिव्यांगता से ग्रस्त बच्चों के आचरण के समस्याओं के उजागर पर एक तकनीकी सत्र का संचालन किया । डॉ. मनोरंजना प्रसाद ने भी कुशल व्यवहार,समस्यामूलक व्यवहार एवं व्यवहार के कार्यात्मकता के विशलेषण पर एक तकनीकी सत्र का संचालन किया ।

डॉ. सरोज दूबे, विश्वविद्यालय प्रोफेसर एवं निदेशक,
इंस्टिच्यूट ऑफ साइक्लोजिकल शोध एवं सेवायें पटना, विश्वविद्यालय, द्वारा उद्घाटन

7.4 सेरिब्रल पाल्सी एवं बहु दिव्यांगता से ग्रस्त बच्चों के सन्दर्भ में एवं दिव्यांगजन को आत्म निर्भर बनाने की सुनिश्चितता के समावेशन पर सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम

विशेष शिक्षकों, पुनर्वास चिकित्सको, समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यकर्ताओं एवं मनोवैज्ञानिकों हेतु सीआरसी पटना में दिनांक 27 से 29 जनवरी 2016 को इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पटना मेडिकल कॉलेज के फिजिकल मेडिसीन एवं रिहैबिलिटेशन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजित कुमार वर्मा ने किया ,इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों से पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा कुल 10 विषयों पर चर्चा की गई । कुल 40 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में अपना नाम नामांकित किया जिसमें 38 प्रतिभागी निमंत्रित रूप से इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के सभी सत्र में उपस्थित थे । इन 38 प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन स्काइरल वाइंड की गई स्त्रोत सामग्री प्रदान की गई।

दिव्यांगजन को आत्म निर्भर बनाने की सुनिश्चितता के समावेशन पर सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का उद्घाटन

विकलांगजन के स्वतंत्र जीवन यापन की सुनिश्चितता एवं
समावेशन विषयक कार्यक्रम में सतत पुनर्वास शिक्षा के प्रतिभागीजन

विकलांगजन के स्वतंत्र जीवन यापन की सुनिश्चितता एवं
समावेशन विषयक कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र

विकलांगजन के स्वतंत्र जीवन यापन की सुनिश्चितता एवं
समावेशन विषयक कार्यक्रम का समापन सत्र

7.ख.2 अभिभावक हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रम. सं.	अभिभावक हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम	अवधि एवं दिनांक	स्थान	लक्षित समूह	प्रतिभागियों की संख्या	अजा/अजजा/अपिव/सा की संख्या
1	मानसिक मंदता एवं तदजनित रोग से ग्रस्त बच्चो के अभिभावक हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम	17.07.15	आइएमए का सभागार पटना	विकलांगजन एवं मानसिक मंद बच्चे	45	असुजा : 01 असुजजा : 0 अपिव : 25 सा : 19
2	अभिविन्यास एवं गतिशीलता विषय पर अभिभावक हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम	15.10.15	रेडक्रॉस भवन का सभागार/सीआरसी पटना	विकलांगजन एवं दृष्टि बाधितजन के अभिभावक	80	असुजा : 06 असुजजा : 02 अपिव : 22 सा : 50
3	दिव्यांगता की शीघ्र पहचान हेतु अभिभावक का प्रशिक्षण कार्यक्रम	16.10.15	आशा स्कूल दानापुर (कैंट) पटना	श्रवण बाधितजनों के अभिभावक	70	असुजा : 06 असुजजा : 01 अपिव : 50 सा : 13
4	संप्रेषण की कमी रोग से ग्रस्त बच्चों के अभिभावक का प्रशिक्षण कार्यक्रम	09.11.15	आशादीप फेयर फिल्ड कॉलोनी पटना	दिव्यांगजन एवं दृष्टि बाधितजन के अभिभावक	98	असुजा = 02 असुजजा – 01 अपिव = 54 सा = 41
5	श्रवण बाधितार्थ पर अभिभावक का प्रशिक्षण कार्यक्रम	23.11.15	एसएलआरपीएच आरआई जठुली फतुहा	दिव्यांगजन एवं श्रवण बाधितजन के अभिभावक	80	अपिव – 70 सा = 10
6	मानसिक मंद बच्चे/ बहु दिव्यांगजन के अभिभावक का प्रशिक्षण कार्यक्रम	24.11.15	एएमआरआई आदर्श कॉलोनी एनएमसीएचरोड अगुमकुंआ पटना	विकलांगजन, बहुविकलांग बच्चों के अभिभावक	81	असुजा –3 असुजजा –0 अपिव –45 सा –33
				कुल	**454**	

दिनांक–15/10/2015 को व्हाइट कैन दिवस के अवसर पर अभिभावकों का प्रशिक्षण एवं गतिशीलता कार्यक्रम का आयोजन–

